## महत्वपूर्ण एवं खास

### आसपी विवाद में युवक का सिर पत्थर से कुचलकर कर दिया हत्या,आरोपी फरार

**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग जिले के अंजोरा क्षेत्र अंतर्गत रसमड़ा गांव में एक युवक की आपसी विवाद में पत्थर से कुचल कर हत्या कर देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। जानकारी के मुताबिक 15 अगस्त की देररात 9 से 10 बजे के बीच की बताई जा रही है।रसमड़ा गांव के बाजार चौक के पास देर रात किसी बात को लेकर कुछ युवकों में आपसी विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से मे आकर एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर पत्थर स वार कर दिया। जिससे वो लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गया। उसके बाद आरोपी ने उसका सिर पत्थर से कुचल दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया हैं। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। वहीं मृतक की पहचान रसमड़ा गांव का करण ठाकुर के रुप में की गई है। पुलिसने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल आंतक से तौबा कर, ईनामी नक्सली ने किया आत्मसर्पण

**बीजापुर (आरएनएस)।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी के दिशा निर्देशन में क्षेत्र में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् नेशनल पार्क एरिया के माओवादी मंगल कुंजाम उर्फउधम सिंह पिता मासा उम्र 35 वर्ष निवासी डुवल नेण्ड्रा थाना गंगालूर, जिला बीजापुर (महाराष्ट्र भामरागढ़ प्लाटून नंबर 7 सेक्शन कमांडर) ने आज दिनांक 15.8.2021 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप, उप पुलिस अधीक्षक आशीष कुंजाम, उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । छ0ग0 शासन की माओवादी की समर्पण नीति के तहत् धारित पद पर 3.00 लाख का ईनाम घोषित है । माओवदी संगठन में कार्य का विवरण :- वर्ष 2005 में डीव्हीसी गंगालूर एरिया कमेटी द्वारा संगठन में भर्ती किया गया । उसके बाद गंगालूर एवं आसपास के एरिया कमेटी 65 नये कैडर को प्रशिक्षण हेतु महाराष्ट्र एरिया भेजा गया । प्रशिक्षण उपरान्त वर्ष 2006 में भामरागढ़ प्लाटून नम्बर 07 का पार्टी सदस्य बनाया गया जहां वर्ष 2014 तक कार्य किया । वर्ष 2014 में घर वापस लौटने के बाद नेण्ड्रा आरपीसी के संरक्षण मे कार्य कर रहा था । संगठन में इसके द्वारा इंसास रायफल धारित किया जाता था ।

### जादू टोना के शक पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजुर के सोररास पारा में आज सुबह हत्या का आरोपी सुदरू राम बघेल अपने बड़े पिता के बेटे ताजीराम को पारिवारिक विवाद व जादू टोना के शक पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दिया है, राजुर कोटवार गोदावरी कश्यप से घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी जब्त कर लिया है। एसडीओपी केशलूर ऐश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि हत्या का आरोपी सुदरू राम बघेल उम्र 55 वर्ष अपने ही बड़े पिता के बेटे ताजीराम के ऊपर इस बात को लेकर शक करता था कि वह जादू टोना करता है, आज सुबह जैसे ही ताजीराम घर के पास नल में नहाने के लिए आया, पहले से इंतजार में बैठे सुदरू राम ने पहले सिर पर कुल्हाड़ी से 02 बार हमला किया, उसके बादचाकू से गला रेत दिया, जिससे ताजीराम की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि करीब 02 से 03 वर्ष से ताजीराम जादू टोना कर रहा है, जिसके चलते आरोपी के नाती एवं एक भैंस की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा भी विकलांग जैसे हो गया था, आरोपी ने यह भी बताया कि जो भी बोलता था वैसे ही होता था, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने रायगढ़ में किया ध्वजारोहण

» कोरोना वारियर्स का किया गया सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला प्रशस्ति पत्र



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 75 वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष व उल्लास के साथ गरिमामय माहौल में मनाया गया। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में संसदीय कार्य, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने ध्वजारोहण किया। पुलिस टुकड़ी ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाये गये और विकास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। इस अवसर पर रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, कलेक्टर भीम सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा मौजूद रहे।

**सारंगढ़ जिला गठन के लिए दी बधाई व शुभकामनाएं-** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सारंगढ़ को जिला गठित किए जाने की सभी क्षेत्रवासियों को बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बहुप्रतीक्षित मांग थी जिसे आज पूरा किया गया। इससे क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने सरिया व छाल के तहसील गठन की भी जिलेवासियों को बधाई दी।

**हाट-बाजार क्लिनिक के मेडिकल मोबाइल यूनिट का शुभारंभ-** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने जिले में हाट-बाजार क्लिनिक के लिए संचालित होने जा रहे 04 मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

**स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवारों का हुआ सम्मान-** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इनमें शहीद आर.स्व.श्री सुभाष बेहरा, शहीद आर.स्व.श्री लक्ष्मीनारायण राठिया, शहीद आर.स्व.श्री बीर सिंह श्रीवास, शहीद प्र.आर.स्व.श्री राघवराम ओझा, शहीद आर.स्व.श्री सुखसाय भगत, शहीद आर. स्व.श्री शिव कुमार सिदार, शहीद स्व.श्री तनिकलाल पटेल, शहीद आर. स्व.श्री राजाराम एक्का, शहीद एपीसी स्व.श्री पंचराम भगत, शहीद आर.स्व.श्री रोहित कुमार सिदार, शहीद प्लाटून कमाण्डर स्व.श्री गीताराम राठिया शामिल रहे।

**कोरोना वारियर्स हुए सम्मानित -** इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें मेडिकल कालेज से डॉ.गौरव बेहरा, डॉ.विमलचन्द्र भगत, कु.ज्योति सिंह, राजा खरे, डॉ.ममता पटेल, श्रीमती सूर्यकांति प्रधान, डॉ.विनोद एक्का, कमलेश निषाद, विशन विष्णु यादव शामिल है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग से सूरज पटेल, विद्याशंकर उरांव, श्रीमती बसंती आचार्य, रोहित कुमार डनसेना, दिलीप उराव, श्रीमती प्रेमलता पलांगे, विद्याधर चौहान, श्रीमती आशा साहू, संजय मिंज, श्रीमती बिदिंया सिंह, लक्ष्मी प्रसाद सारथी, कु.वल्लवी शर्मा, श्रीमती अनिमा तिर्की, कु.इंदेश्वरी सिंह, जगमोहन राठिया, कु.रामेश्वरी सान्ते, कु.हेमा साहू, श्रीमती गीता सिदार, डॉ.डी.प्रशांत, रघुबिंदर बोहीदार, कु.प्रभा डनसेना, नीतिराज सिंह, सुभाष गोस्वामी, डॉ.ए.के.सिंह, श्रीमती उमा महंत, लखन उरांव, पंकज मिश्रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाल धरमजयगढ़ से डॉ.एम.के.पैकरा, पुलिस विभाग से मनीष नागर, अमित सिंह, कृष्णकांत सिंह, प्रवीण मिंज, अमिताभ खाण्डेकर, इंगेश्वर यादव, क्षितेश्वर गुप्ता, लोमेश सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार गुप्ता, विनोद शर्मा, राजेन्द्र राठिया, कन्हैया खूंटे, प्रदीप तिवारी, सरिता सिदार एवं नीरा पैकरा, तहसीलदार कार्यालय से विक्रांत सिंह राठौर, जिला कार्यालय रायगढ़ से बेरनार्ड एक्का, मुकेश भोई सहित अन्य शामिल थे।

# शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संविदा नियुक्ति की चयन सूची जारी

**रायगढ़।** जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों हेतु गत माह जुलाई एवं अगस्त में व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक पद पर संविदा भर्ती हेतु साक्षात्कार किया गया था। साक्षात्कार पश्चात विभिन्न विषयों के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से संविदा नियुक्ति आदेश की प्रति भेजी गई है। आदेशानुसार चयनित अभ्यर्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति प्राप्त कर 23 अगस्त 2021 तक संबंधित संस्था में कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। कार्यभार ग्रहण के समय परीक्षण हेतु मूल दस्तावेज साथ में लाने को कहा गया है।

संविदा नियुक्ति के विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों में उमेश कुमार पटेल व्याख्याता भौतिकी प्राविधिक, परख दास साहू व्याख्याता भौतिकी, स्नेहलता तिग्गा व्याख्याता रसायन, वर्षा प्रिया खलखो व्याख्याता वाणिज्य प्रावधिक, रश्मि रायसागर व्याख्याता सामाजिक विज्ञान, नित्यानंद मालाकार व्याख्याता सामाजिक विज्ञान प्राविधिक, आशीष बक्श व्याख्याता सामाजिक विज्ञान, रेखा प्रधान व्याख्याता सामाजिक विज्ञान, ढालेश्वरी देहरी व्याख्याता सामाजिक विज्ञान, संजय कुमार सोनी शिक्षक गणित, बृजेश सिंह राज शिक्षक अंग्रेजी, सौम्या तिवारी शिक्षक सामाजिक विज्ञान, शिखर तिवारी शिक्षक सामाजिक विज्ञान प्राविधिक व अन्य शामिल है।

# कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**रायगढ़ ।** 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर भीम सिंह ने सृजन सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंट की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारे ऊपर प्रशासनिक दायित्व है। जिसका निर्वहन हमें पूरी संवेदनशीलता व निष्ठा से करना है। शासकीय सेवा में कार्य करने का सपना बहुत लोग देखते है पर यह मौका कुछ को ही मिल पाता है तो हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम अपने कार्य में सर्वश्रेष्ठ दें, स्वतंत्रता के आदर्श व मूल्यों को हमेशा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हमें सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है। कर्तव्य निर्वहन से मिलने वाली आत्मिक संतुष्टि से बड़ी बात कोई हो नहीं सकती। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन में जिले में किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए सभी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सामूहिक टीम एफर्ट से ही संभव हो सका है। अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम अपने कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक निर्वहन का संकल्प लें।

इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने भी गीत व वक्तव्यों के माध्यम से अपनी बात रखी। कलेक्टर कार्यालय से गोविन्द प्रधान ने इस अवसर पर गीत के माध्यम से अपने विचार रखें। वहीं कृषि विभाग से डॉ.माधुरी त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन से शहीदों को नमन कर स्वतंत्रता के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्व पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# सवई घास से तैयार हो रही महिलाओं के स्वावलंबन की डोर

» संग्रहण एवं प्रसंस्करण के माध्यम से 280 महिलाओं को मिला रोजगार



**रायगढ़ ।** सवई घास जिसकी उपयोगिता कल तक केवल रस्सी तक सीमित थी। उन्हीं सवई घास को महिलाओं द्वारा गढ़कर सुन्दर और आकर्षक टोकरी, कोस्टर एवं रस्सी का रूप दे रही है। सवई घास की उपयोगिता और मूल्य को महिलाओं ने बढ़ाया, वही प्रसंस्करण के माध्यम से उन्हे रोजगार का अवसर भी मिला। रोजगार मिलने से जहां महिलाओं में आत्मविश्वास आया है, साथ ही अब वो स्वावलंबी हो चुकी है। महिलाए अतिरिक्त आय से घर की छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है। साथ ही घर चलाने में आर्थिक सहयोग कर पाने से महिलाएं भी बेहद खुश है।

धरमजयगढ विकासखंड अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बाकारूमा अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र कडेना के सरस्वती महिला स्व-सहायता समूह एवं अन्य 11 समूहों के द्वारा प्रसंस्करण का किया जा रहा है। वर्तमान में इन समूहो द्वारा 24.16 क्विंटल सबई घास का प्रसंस्करण किया जा चुका है। जिसका बाजार मूल्य 6 लाख 10 हजार से अधिक है। महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे इन सुन्दर और आकर्षक टोकरियों की बाजार में अच्छी मांग है। जिससे समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ा है। सवई घास के संग्रहण और प्रसंस्करण के माध्यम से 280 महिलाओं को सीधा रोजगार मिल रहा है। जिससे महिलाओं द्वारा 3 हजार रुपये से 3 हजार 500 रूपए की अतिरिक्त आय की प्रतिमाह प्राप्त हो रही है। इसके अलावा निर्मित सवई घास की टोकरी को शासन स्तर पर मंत्रीमंडल को उपहार स्वरूप प्रदान भी किया गया। जिससे समूह की महिलाएं उत्साहित हुए, कार्य के प्रति दुगनी लगन से जुटे हुए है।

जिला वनोपज सहकारी यूनियन धरमजयगढ़ द्वारा बताया कि प्रसंस्करण से पूर्व मास्टर ट्रेनर द्वारा 12 दिवसीय प्रशिक्षण में 100 सदस्यों को टोकरी एवं कोस्टर निर्माण में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में कुशल 6 सदस्यो को मास्टर ट्रेनर के जिला स्तर पर चयन किया गया। अब इनके द्वारा ग्राम स्तर पर 500 सदस्यों को टोकरी निर्माण कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे सवई घास प्रसंस्करण को बढ़ावा मिल सके एवं 300-350 सदस्यों को लाभान्वित किया जा सके।

# पति के साथ बाजार जा रही महिला को चलती बाइक से हाथी ने खींच कर मार डाला

**जशपुर (आरएनएस)।** पति के साथ बाजार जा रही महिला को हाथी ने बाईक से खींचकर मार डाला। हादसे में बाद इलाके में दहशत है। जानकारी के मुताबिक जशपुर जिले के तपकरा रेंज में पति के साथ बाइक में बाजार जा रही एक महिला केरसई पंचायत के बरटोली गांव की निवासी खिज्मती बाई और उसका पति रामकुमार सोमवार की सुबह बाइक से गुड़ लेने के केरसई जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते मे गोठान के जंगल मे दंपती पर पीछे से दंतैल ने हमला कर दिया। हाथी ने चलती हुई बाइक को दौड़ाया और बाइक के पीछे पीछे बैठी हुई महिला को सुढ़ से लपेट लिया। हाथी के इस हमले से बाइक अनियंत्रित हो कर गिर गई। जमीन में गिरी हुई खिज्मती को अतिकाय ने कुचल कर मार डाला। हादसे में मृतिका के पति रामकुमार ने मौके से भाग कर किसी तरह से अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस घटना से पहले दल से अलग हो कर भटक रहे इस दंतैल ने रायमुण्डा गांव में एक अन्य महिला सुखों बाई 50 वर्ष को घायल किया है। उसे इलाज के लिए नजदीक के जंगल मे भर्ती किया गया है। केरसई के आसपास के जंगल मे तीन हाथी मौजूद हैं।

# पुलिस कार्यालय में एसपी ने किया ध्वजारोहण, सशस्त्र जवानों ने दी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

» शहीदों के परिवारजनों का शॉल श्रीफल से सम्मान, 73 पुलिसकर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र



**रायगढ़।** 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह पुलिस कार्यालय प्रांगण में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सशस्त्र जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देकर मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित हुए। प्रतिवर्ष अनुसार समारोह में अमर शहीद जवानों के परिजनों को शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

जिला पुलिस के 15 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को मुख्य कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम में मुख्य अतिथि रविंद्र चौबे, कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

वहीं कार्यक्रम पश्चात पुलिस कन्ट्रोल रूम में कानून व्यवस्था के नियंत्रण में विशेष योगदान देने वाले सभी थाना, चौकियों के चयनित 73 पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा प्रोत्साहित करते हुये प्रशस्ति पत्र दिया गया है, प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वालों में आरक्षक से लेकर थाना प्रभारी भी शामिल हैं। एसपी आफिस के साथ ही सभी थाना, चौकी एवं जिला पुलिस इकाई के सभी कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम पूरे उल्लास से सम्पन्न हुआ।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथ्य में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं लौकिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# सारंगढ़ बना जिला, सभी वर्गों में अपार हर्ष का माहौल

» क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जताया आभार

» प्रशासनिक विकेंद्रीकरण से सुविधाओं का होगा विस्तार

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश के दौरान प्रदेशवासियों को कई ऐतिहासिक सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक विकेंद्रीकरण के सिलसिले को और आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में जिलों का पुनर्गठन करते हुए 4 नए जिलों के गठन की ऐतिहासिक घोषणा की। जिसमें सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का गठन भी शामिल है। नए जिले के रूप में गठन की घोषणा के साथ ही आज सारंगढ़ क्षेत्र में सभी वर्गों में अपार हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। जिला गठन की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जता रहे हैं।

लम्बे समय से प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से सारंगढ़ को जिला बनाने की मांग क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ समाज के सभी वर्गों के द्वारा की जा रही थी। जिसे आज स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पूरा करते हुए सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गठन की घोषणा की गयी। जिला बनने से अब लोगों के मन में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर नया उत्साह है।

**सभी वर्गो में खुशी का माहौल-** सारंगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार व समाज सेवी दीपक थवाईत का कहना है कि सारंगढ़ को जिला बनाने की बहुत वर्षो की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो आज पूरी हो गई। जिले की घोषणा होते ही सारंगढ़ शहर ही नहीं पूरे सारंगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी है। सभी जगह उत्सव जैसा माहौल है। उन्होंने कहा कि जिला गठन की घोषणा होने से हर्ष के साथ उत्साह भी है। प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की पहल का सीधा लाभ क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा। उन्हें अब अपने कार्यो के लिए जिला मुख्यालय तक जाने में ज्यादा दूरी नहीं तय करनी पड़ेगी। इससे उनके समय और ऊर्जा की बचत होगी। सारंगढ़ में जिला स्तरीय कार्यालय व अधिकारियों की पदस्थापना से शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा। जिससे क्षेत्र में विकास का नया अध्याय शुरू होगा। इसी प्रकार व्यापारी वर्ग में बहुत ही खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। सारंगढ़ के व्यापारी महेन्द्र केजरीवाल कहते है कि सारंगढ़ जिला बनने से व्यापार विस्तार में मदद मिलेगी। यहां लोगों की आवाजाही बढ़ेगी। जिससे ग्राहकों की संख्या के साथ आय में वृद्धि होगी। जिला बनने से व्यावसायिक संगठनों के गठन का रास्ता खुलेगा। जिले में ही मण्डी खुलेंगे। व्यापारिक सुविधाओं का विस्तार होगा। स्थानीय स्तर पर व्यापार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।